सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-368**
26/08/2017

राज्य किसान आयोग के पूर्व सदस्य बागेश्वरी सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 26 अगस्त, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राज्य किसान आयोग के पूर्व सदस्य बागेश्वरी सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात किसान नेता एवं समाजसेवी थे। वे किसानों के हितैषी थे। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******